जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ

पत्र क्रमांक 3051 **दीक्षान्त समारोह सूचना** दिनांक.15.10. 2022

प्रिय विद्यार्थी,

संस्थान के अनुशास्ता परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में जैन विश्वभारती संस्थान का **तेरहवाँ दीक्षान्त समारोह** दिनांक **12 नवम्बर, 2022 को प्रातः 9.00 बजे** लाडनूँ में आयोजित होने जा रहा है। दीक्षान्त समारोह में पी–एच.डी. की उपाधि हेतु योग्य घोषित शोधार्थियों को उपाधियां तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (नियमित पाठ्यक्रम 2022 / दूरस्थ पाठ्यक्रम 2021) में योग्य घोषित विद्यार्थियों को उपाधियाँ तथा नियमित पाठ्यक्रमों में नियमानुसार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों (सूची संस्थान की वेबसाइट www.jvbi.ac.in पर उपलब्ध है) को स्वर्ण पदक एवं वरीयता प्रमाण पत्र तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाऐंगे।

प्रसन्नता है कि आपको इस संस्थान की स्नातक/स्नातकोत्तर/पी–एच.डी. की उपाधि हेतु योग्य घोषित किया गया है, इसलिए दीक्षान्त समारोह में आपकी उपस्थिति आवश्यक है। उपस्थित सभी सदस्यों को समवेत रूप से दीक्षान्त समारोह में शपथ ग्रहण करवाई जाएगी। जो विद्यार्थी दीक्षान्त समारोह में उपस्थित रहेंगे वे अपनी उपाधि **अपना फोटो पहचान पत्र दिखाकर** दीक्षान्त समारोह के पश्चात् व्यक्तिशः प्राप्त कर सकेंगे। दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास 11 नवम्बर, 2022 को अपराह्न 3.00 बजे किया जायेगा उसमें उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान करावें।

कृपया निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें –

(1) दीक्षान्त समारोह में अपनी उपस्थिति की सूचना/पंजीयन convocationjvbi@gmail.com पर 04 नवम्बर, 2022 तक भिजवावें। उपाधि प्राप्ति हेतु उपरोक्त https://forms.gle/BzXdv1BvC2JMm6EU9 लिंक के माध्यम से उपाधि आवेदन पत्र 04 नवम्बर, 2022 तक निर्देशानुसार भरकर आवश्यकतानुसार निर्धारित शुल्क की रसीद एवं अंतिम वर्ष की अंक–तालिका/पी–एच.डी. अधिसूचना पत्र (Notification Letter) की छायाप्रति संलग्न करें। पूर्व सूचना एवं पंजीयन के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को यदि दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित नहीं किया जा सका तो इसका दायित्व संस्थान का नहीं होगा।

(2) वर्ष 2021 में या उसके बाद उत्तीर्ण स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों (नियमित/दूरस्थ) का उपाधि शुल्क पूर्व से जमा है अतः इन विद्यार्थियों को उपाधि शुल्क पुनः जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। शोधार्थियों को उपाधि शुल्क नियमानुसार जमा करवाना आवश्यक है।

(3) उपाधि शुल्क रू. 500 (व्यक्तिशः उपस्थित होने पर) अथवा रू. 550 (डाक द्वारा मंगवाने पर) का डिमाण्ड ड्राफ्ट **कुलसचिव, जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ** (Registrar, Jain Vishva Bharati Institute, Ladnun) **के नाम से बनवा कर** प्रेषित करावें अथवा ऑनलाइन भुगतान **पत्राचार पाठ्यक्रमों** के विद्यार्थी पंजाब नेशनल बैंक, लाडनूँ बचत खाता नं. 10272111000010, शाखा कोड 00102710, IFSC-PUNB0102710 में तथा **नियमित पाठ्यक्रमों** के विद्यार्थी स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लाडनूँ बचत खाता नं. 35973757555, शाखा कोड 007093, IFSC-SBIN0007093 में जमा करवा सकते हैं।

(4) दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले **छात्रों को खादी के सफेद कुर्ता–पायजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–कमीज मय लाल चुन्नी पहनना अनिवार्य है।** आपसे अनुरोध है कि समारोह की मर्यादा के दृष्टिगत् उक्त निर्धारित पोशाक की अनुपालना सुनिश्चित करें। दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दुपट्टा संस्थान द्वारा दिया जाएगा। जिसके लिए अग्रिम राशि रुपये 100/– नकद जमा कराने होंगे। दुपट्टा दीक्षान्त समारोह के कार्यक्रम में धारण करना होगा।

(5) **किसी भी परिस्थिति में उपाधि विद्यार्थी के अलावा किसी अन्य विद्यार्थी/व्यक्ति/रिश्तेदार/समप्रसारक को नहीं दी जाएगी।**

(6) सशुल्क आवास व्यवस्था हेतु 6377903834 पर तथा किसी अन्य जानकारी हेतु 9462658601/ convocationjvbi@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

Venue of Convocation
Sudharma Sabha,
Jain Vishva Bharati Institute,
Ladnun, Nagaur – 341306 (Rajasthan)

(डॉ. युवराज सिंह खँगारोत)
परीक्षा नियंत्रक